राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने राज्य सरकार की सलाह से जारी किए आदेश

राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्याल के कुलपति का कार्यभार डॉ. धनंजय अग्रवाल को

जयपुर, 9 मई। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने राज्य सरकार की सलाह से आदेश जारी कर सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज, जयपुर में नेफ्रोलोजी विभाग के वरिष्ठ आचार्य डॉ. धनंजय अग्रवाल को अग्रिम आदेशों अथवा नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक, जो भी पहले हो, कामचलाऊ व्यवस्था के अंतर्गत अतिरिक्त प्रभार के रूप में राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति के कार्यों का निर्वाहन करने के लिए निर्देशित किया है।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुधीर भंडारी का आज ही त्यागपत्र स्वीकार किया था।